





## शहर में आज

⏭ श्री गजानन युवा सेवा समिति द्वारा बाबा मुला संत जी मंदिर, आर्य नगर स्थित पंडाल में गणपति बप्पा की भव्य पूजा-अर्चना प्रतिदिन प्रातः 8 बजे एवं रात्रि 8 बजे आरती।

## खबर संक्षेप

### मदविः सेमेस्टर परीक्षा का परिणाम जारी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने मई-जुलाई 2025 में आयोजित एमएड स्पेशल एजुकेशन इंटेलेक्चुअल डिसेबिलिटी के दूसरे व चौथे सेमेस्टर की फ्रेश व री-अपीयर, बीएड स्पेशल एजुकेशन दो वर्षीय के प्रथम सेमेस्टर की फ्रेश व री-अपीयर, बीएड दो वर्षीय के प्रथम सेमेस्टर की फ्रेश व री-अपीयर तथा एमसीए दूसरे सेमेस्टर की फुल व री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

### सांपलाःमाइनर में मिला अज्ञात शव

**सांपला।** दुलेहड़ा माइनर में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। नेशनल हाईवे से गढ़ी सांपला गांव में जाने वाले मार्ग पर लगती दुलेहड़ा में पुल के पास एक व्यक्ति ने शव तैराता हुआ देखा जो नहर में उगी घास में अटका हुआ था। शव की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और सबको बाहर निकाला। एफ एस एल टीम भी मौके पर पहुंची और शव की जांच की। शरीर पर कोई चोट का निशान नहीं मिला। पुलिस ने शव की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन पहचान नहीं हो पाई। आस -पास के लोगों ने बताया कि मृतक पिछले कई दिनों से यहीं घुमता था। जो प्रवासी था।

### आईटीआई में दाखिल के लिए 30 तक करें आवेदन

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि हरियाणा राज्य में स्थित सभी राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2025-26 में दाखिले लेने के लिए इच्छुक आवेदकों के लिए ऑन-दा-स्पॉट दाखिला के आवेदन की अन्तिम तिथि 30 अगस्त है। इन संस्थानों में दाखिला लेने के लिए आवेदन का यह अन्तिम अवसर है। उन्होंने बताया कि जिला के हसनगढ़ स्थित आईटीआई में 18 व्यवसायों में कुल 332 सीटें खाली हैं।

### विवि कैंपस स्कूल में प्राचार्य के पद पर आवेदन आमंत्रित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय परिसर स्थित यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल में प्राचार्य के पद नियुक्ति के लिए योग्य एवं अनुभवी अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने बताया कि यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल के प्राचार्य पद पर नियुक्ति कार्यकाल आधारित होगी, जिसकी अवधि तीन वर्ष या नियमित नियुक्ति होने तक, जो भी पहले हो होगी। इच्छुक उम्मीदवार अपने आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ 18 सितंबर तक उप कुलसचिव, गैर शैक्षणिक, स्थापना शाखा में पहुंचा सकते हैं।

### नशीला पदार्थ सहित दो महिलाओं को किया काबू

**रोहतक।** पुलिस ने दो महिलाओं को नशीले पदार्थ सहित काबू किया गया है। एएनसी स्टाफ प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि रैनकपुरा नजदीक राजकीय स्कूल के पास से दो महिलाओं को शक के आधार पर काबू किया गया। पहचान कविता निवासी रैनकपुरा व प्रियंका निवासी खोखराकोट के रुप में हुई। कविता के पास से 10 ग्राम व प्रियंका के पास से 4.330 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई है।

**विश्वविद्यालय ने पहली स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ किया, फिटनेस, टीम वर्क और मैत्रीपूर्ण प्रतिस्पर्धा की भावना को दर्शाया**

# डीएलसी सुपवा ने स्थापना दिवस को खास बनाने वाले 300 से अधिक स्वयंसेवकों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक






दादा लखमी चंद राज्य प्रदर्शन एवं दृश्य कला विश्वविद्यालय (डीएलसी सुपवा) ने शुक्रवार सहयोग की भावना का जश्न मनाया। कुलपति डॉ. अमित आर्य ने 300 से अधिक स्वयंसेवी छात्रों को सम्मानित किया, जिनके समर्पण और प्रयासों ने 14 अगस्त, 2025 को विश्वविद्यालय के 12वें स्थापना दिवस समारोह को एक शानदार सफलता बनाया। डीन छात्र कल्याण विनय कुमार द्वारा संचालित और निदेशक युवा मामले दुष्यंत द्वारा सह-संयोजित इस सम्मान समारोह में आयोजन समिति के सदस्यों को भी सम्मानित किया गया। विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित एलपीएस बोसार्ड के अध्यक्ष राजेश जैन ने कुलपति डॉ. आर्य के गतिशील नेतृत्व में विश्वविद्यालय में जीवंत कार्य संस्कृति और नई ऊर्जा का संचार करने की सराहना की।

### हमारे छात्र संस्थान की धड़कनः कुलपति

उन्होंने कहा कि इस महीने आयोजित स्थापना दिवस समारोह में कला, संस्कृति और परंपरा का एक शानदार संगम देखने को मिला, जिसमें विश्वविद्यालय के संकाय, छात्रों और पूर्व छात्रों के साथ-साथ मीडिया, साहित्य, सिनेमा, चिकित्सा विज्ञान और सार्वजनिक जीवन के क्षेत्रों की गणमान्य हस्तियां शामिल हुईं। कुलपति डॉ. अमित आर्य ने कहा हमारे छात्र इस संस्थान की धड़कन हैं। हमारे 12वें स्थापना दिवस का सफल आयोजन उनके जुनून, अनुशासन और रचनात्मक ऊर्जा को दर्शाता है। एक विश्वविद्यालय के रूप में, हम शिक्षा, कला, खेल और सामाजिक उत्तरदायित्व में इस भावना को पोषित करने और डीएलसी सुपवा को समग्र उत्कृष्टता का केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। रजिस्ट्रार डॉ. गुंजन मलिक ने कहा यह सम्मान केवल प्रशंसा का प्रतीक नहीं है, बल्कि हमारे छात्र और संकाय समुदाय की सामूहिक शक्ति की स्वीकृति है। यही तालमेल डीएलसी सुपवा को आगे बढ़ाता है।

### रस्सी-खींचना, वॉलीबॉल और बैडमिंटन स्पर्धा हुई

उत्सव के उत्साह को बढ़ाते हुए, विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को अपनी पहली स्पोर्ट्स मीट का भी शुभारंभ किया, जिसमें फिटनेस, टीम वर्क और मैत्रीपूर्ण प्रतिस्पर्धा की भावना को दर्शाया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन, जिसमें रस्सी-खींचना, वॉलीबॉल और बैडमिंटन शामिल थे, में संकाय, कर्मचारियों और छात्रों की उत्साही भागीदारी देखी गई। रस्सी-खींचने की प्रतियोगिता में, संकाय वर्ग को एसोसिएट प्रोफेसर डॉ चिराग राजन के नेतृत्व वाली टीम ने जीता गैर-शिक्षण कर्मचारी वर्ग में, विजेता खेल निदेशक नीरज मलिक के नेतृत्व वाली टीम थी और लड़कियों की छात्र श्रेणी में, डिजाइन संकाय चैंपियन बनकर उभरा।

**जींद बाईपास पर बधाई मांगने को लेकर आपस में भिड़े**

# किन्नरों के दो गुटों में जमकर चले लाठी-डंडे, 6 लोग घायल

*सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों के बयान दर्ज किए। वहीं, किन्नरों ने दूसरे गुट पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक





जींद बाईपास चौक पर शुक्रवार को बधाई मांगने को लेकर किन्नरों के दो गुटों में जमकर मारपीट हुई। विवाद इतना बढ़ा कि लाठी-डंडे चल गए और करीब छह किन्नर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। साथ ही सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों के बयान दर्ज किए। वहीं, किन्नरों ने दूसरे गुट पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### धमकी देने का आरोप

किन्नर दिलरूबा ने बताया कि उसके शिष्य जींद बाईपास चौक पर बसों में बधाई मांगते है, लेकिन दूसरे गुट के किन्नर उनसे हफ्ता वसूली करना चाहते है। इसको लेकर कई बार फोन पर धमकी दे चुके है और आज उनके शिष्यों के साथ मारपीट भी की गई, जिसमें उनके शिष्य घायल हो गए है। घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस से कार्रवाई की मांग की गई है।

### आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग

दिलरूबा ने आरोप लगाया कि दूसरे गुट से जुड़े गीता, बगीचा, बिल्लो, बिट्टू, अजय, राजेश और सागर ने साथियों के साथ मिलकर उनके शिष्यों पर लाठी-डंडों से हमला किया। झगड़े के दौरान भीड़ जमा होते ही आरोपी मौके से फरार हो गए। वहीं, असामाजिक तत्वों की तरफ से अस्पताल में भी फोन पर धमकी मिल रही है। उन्हें जान का खतरा बना हुआ है। उन्होंने पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा की गुहार लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

### पुलिस मामले की कर रही जांच

सदर थाना पुलिस ने बताया कि उन्हें किन्नरों के एक गुट की तरफ से दूसरे गुट के खिलाफ मारपीट की सूचना मिली थी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों के बयान दर्ज किए। पुलिस मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। जल्द ही मामले में दूसरे गुट के किन्नरों से पूछताछ की जाएगी।

### पहले भी भिड़ चुके किन्नर

रोहतक में किन्नरों से मारपीट का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी कई बार किन्नरों के गुट आपस में एक दूसरे की जान लेने के लिए कौशिश कर चुके हैं। कभी वसूली के लिए बांटे गए एरिया को लेकर झगड़ा होता है और कभी वर्चस्व को लेकर एक दूसरे गुट पर हमले किए जाते हैं।

**सम्मानः खेल प्रेमियों व संगठन पदाधिकारियों ने पदक विजेता बेटी को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया**

# एशियन चैम्पियन आशिमा अहलावत का शहर में पहुंचने पर भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



कजाकिस्तान से एशियन चैम्पियनशिप जीतकर लौटी आशिमा अहलावत का शुक्रवार रोहतक पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। खेल प्रेमियों, समाजसेवियों और ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने फूल-मालाओं से लादकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर अनेक खाप प्रधानों ने आशिमा अहलावत को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री हरियाणा के ओएसडी गजेंद्र फौगाट ने आशिमा अहलावत को सम्मान स्वरूप (एक लाख एक हजार एक सौ ग्यारह रुपये) का चैक भेंट किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा की बेटियां खेलों में निरंतर नया इतिहास रच रही हैं। उन्होंने आशिमा को प्रदेश की युवतियों के लिए प्रेरणा स्रोत बताया। प्रदेश की नायब सरकार ने हजारों खेल नर्सरियों की स्थापना करके कीर्तिमान स्थापित किया है। इस मौके पर उनकी मां सुमित्रा अहलावत ने बताया कि आशिमा ने इससे पहले विश्व जूनियर चैपियनशिप में स्वर्ण पदक, वल्ड यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में कांस्य पदक, कतर विश्व शॉटगन में सिल्वर के साथ-साथ अनेकों अंतरराष्ट्रीय पदक प्राप्त किए हैं। इस मौके पर आशिमा अहलावत ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह निरंतर मेहनत कर देश-प्रदेश के लिए और भी पदक जीतेंगी।

# भारोत्तोलन में खिलाड़ियों ने जीते मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

महम के खेल स्टेडियम में जिला स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भैणीचंद्रपाल के खिलाड़ियों ने स्वर्ण व सिल्वर पदक जीतकर इलाके का नाम रोशन किया है। कोच जोगिंद्र गिल ने बताया कि अपने अपने अलग अलग भारवर्ग और आयु वर्ग में खिलाड़ियों ने ये उपलब्धि हासिल की है। अंडर 17 आयु वर्ग के खिलाड़ी अरुपण ने 65 किलोग्राम भार वर्ग में और 19 आयु वर्ग में सुमित ने 71 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। इसी प्रकार हरिश, अमिन, पीयूष और विशेष ने भी अपने अपने भार और आयु वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है।



**महम।** जिला स्तरीय खेलों में पदक जीतकर लौटे खिलाड़ियों का स्वागत करते रावमावि भैणीचंद्रपाल के शिक्षक।

# समाधान शिविरों में शिकायतों का किया जा रहा त्वरित निपटाराः डीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि जिला में समाधान शिविर के अतिरिक्त अन्य सभी कार्य दिवसों में नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है। जिला प्रशासन द्वारा प्राथमिकता के आधार पर आमजन की समस्याओं व शिकायतों का निपटारा करवाया जा रहा है।सचिन गुप्ता स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। समाधान प्रकोष्ठ की ओर से प्रशासनिक सचिव शेखर विद्यार्थी ने समाधान शिविरों की शिकायतों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त सचिन गुप्ता की प्रशंसा की और कहा कि वे जिला में अच्छा कार्य कर रहे हैं। डीसी गुप्ता ने कहा कि जिला में वे स्वयं तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रतिदिन नागरिकों की सुनवाई की जा रही है। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि वे समाधान शिविर में प्राप्त हो रही शिकायतों का तुरंत यथासंभव निपटारा करें।

# किसानों की आमदनी बढ़ाने को टीम के रूप में करें कार्य




**उपायुक्त ने अधिकारियों के साथ की बैठक**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे जिला में किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए उन्हें फसल विविधिकरण अपनाने बारे प्रोत्साहित करें। किसानों को लो हैगिंग फ्रूट्स के अलावा तेल वाली फसलों का उत्पादन करने के लिए जागरूक करें। अधिकारी किसानों को इंटरप्रेन्योर बनाएं ताकि उन्हें आर्थिक रूप से सुदृढ़ किया जा सके। सचिन गुप्ता स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, उद्यान विभाग, सहकारी समितियां, बैंकर्स आदि से संबंधित अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिला में सरसों के क्षेत्र को बढ़ाने के लिए मिलकर प्रयास करें। सभी संबंधित अधिकारी एक टीम के रूप में कार्य करें ।

### एसएसबी गाइडेंस प्रोग्राम का प्रथम बैच 8 सितंबर से

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूथ सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट फॉर ऑल सर्विसेज के तत्वावधान में 8 से 28 सितंबर तक सत्र 2025-26 के सॉफ्ट स्किल्स एंड एसएसबी गाइडेंस प्रोग्राम के प्रथम बैच का आयोजन किया जाएगा। यूथ सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट की परियोजना निदेशिका प्रो. शालिनी सिंह ने बताया कि यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल, यूटीडी समेत संबद्ध महाविद्यालयों के वर्तमान तथा पूर्व छात्र इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में भाग ले सकते हैं।

**सख्ती** निशानदेही के लिए रजिस्टर लगाने के निर्देश दिए

# डीसी ने सांपला तहसील का किया निरीक्षण, राजस्व रिकार्ड के रखरखाव में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा है कि राजस्व रिकॉर्ड के रखरखाव में कोताही को कतई सहन नहीं किया जाएगा। उपायुक्त ने शुक्रवार को सांपला तहसील का औचक निरीक्षण करके राजस्व रिकॉर्ड की जांच पड़ताल की। उन्होंने राजस्व रिकॉर्ड के रखरखाव में कोताही बरतने वाले अधिकारी व कर्मचारी से जवाब तलब करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि तहसील के कार्यों को लेकर आमजन को कोई भी परेशानी नहीं होनी चाहिए। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने संबंधित कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पटवारी के एक माह के कार्य का नियमित रूप से निरीक्षण किया जाए। निशानदेही के लिए रजिस्टर लगाने के निर्देश दिए और कहा कि कोई भी मामला लंबित नहीं रहना चाहिए।

### सभी मामलों को पोर्टल पर भी अपलोड करें

डीसी ने कहा कि राजस्व न्यायालय में आने वाले सभी मामलों को पोर्टल पर भी अपलोड किया जाए। उन्होंने कहा कि भूमि बंटवारे के मामलों में भी अनावश्यक देरी न हो। उन्होंने गिरदावरी, इंतकाल रजिस्ट्री, टोकन, पटवारी की डायरी, मुसावी व जमाबंदी से संबंधित रिकॉर्ड की जांच की और मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने राजस्व अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि अगर आवश्यकता है तो तहसील स्टाफ को प्रशिक्षण भी दिया जाए।

### समस्याओं को कर रहे चिन्हित

बाद में मीडिया से बातचीत करते हुए उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि जिला को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए अधिकारियों की पूरी टीम फील्ड में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों द्वारा समस्याओं को चिन्हित कर लिया गया है। उनके समाधान के लिए अल्पावधि व दीर्घावधि की कार्य योजना तैयार की गई है। एक-एक समस्या का स्थाई समाधान किया जाएगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जिले को कैटल फ्री बनाने के लिए मजबूत ढांचागत सुविधा उपलब्ध हैं।

# डॉ. रवि प्रभात ने पंजाब विवि में व्याख्यान दिया

*महर्षि दयानन्द सरस्वती न केवल धार्मिक सुधारों के प्रवर्तक थे, अपितु राष्ट्रीय चेतना के महान प्रेरणास्रोत रहे*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. रवि प्रभात ने पंजाब विश्वविद्यालय की दयानन्द वैदिक अध्ययन पीठ द्वारा- दयानंद वैदिक सिद्धांत व्याख्यानमाला के क्रम में आयोजित व्याख्यान में बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की। डॉ. रवि प्रभात ने- राष्ट्रीय चेतना एवं महर्षि दयानन्द सरस्वती विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भारत के महान पुनर्जागरण पुरोधा, समाज-सुधारक एवं आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानन्द सरस्वती न केवल धार्मिक सुधारों के प्रवर्तक थे, अपितु राष्ट्रीय चेतना के महान प्रेरणास्त्रोत भी थे। उनके विचारों और आंदोलन ने भारतीय समाज में स्वतंत्रता, समानता तथा आत्मसम्मान की अलख जगाई। डॉ. रवि प्रभात ने कहा कि महर्षि दयानन्द ने अपने प्रसिद्ध नारे वेदों की ओर लौटो के माध्यम से समाज को अंधविश्वास, पाखण्ड और कुरीतियों से मुक्त करने का आह्वान किया। प्रसार, स्त्री-शिक्षा, बाल-विवाह उन्मूलन, अस्पृश्यता-निवारण तथा स्वदेशी की भावना को प्रबल किया, जिससे राष्ट्र में आत्मनिर्भरता और स्वतंत्रता की चेतना जागृत हुई।

**खबर संक्षेप**

## तबादला पोर्टल से जाति कॉलम हटाया जाए: अमन

**रोहतक।** युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अमन वशिष्ठ ने कहा कि हरियाणा पुलिस द्वारा सिपाही के तबादले के लिए जो पोर्टल खोला गया है उसमें जाति भी पूछी गई है जो कि सरेआम दर्शाता है कि अब सरकार में पुलिस सिपाही की ट्रांसफर सूची जाति पूछ कर बनाई जाएगी। वशिष्ठ ने कहा कि ऐसी हरकत देखने के बाद तो ऐसा लगता कि इससे समाज को नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि सरकार को इसमें हस्तक्षेप करते हुए जाति के कॉलम को हटाना चाहिए। पुलिस विभाग में भी अगर तबादले जाति के आधार पर होंगे तो यह शर्मनाक होगा। इस पर तुरंत रोक लगाई जानी चाहिए।



## चिड़ी में मनाया राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा

**रोहतक।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिड़ी में शुक्रवार को राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर सत्यपाल वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी चिड़ी ने की। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति जो चाहे चश्मा भी लागाता हो या जिसका सफेद या काला मोतिया का ऑपरेशन भी हो चुका हो और जिसकी सफेद पुतली स्वच्छ एवं स्वस्थ हो, वह अपनी आंखों का दान कर सकता है सभी धार्मिक गुरु भी इसे एक उच्चतम मानवीय कर्म कहकर इसका समर्थन करते हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सत्यपाल, चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल भुवल, विजय कुमार हेल्थ इंस्पेक्टर, हरिओम हेल्थ इंस्पेक्टर, सुरेंद्र एमपीएच डब्ल्यू आदि उपस्थित रहे।

## कर्मियों को एचकेआरएन में शामिल करे सरकार: हुड्डा

**रोहतक।** हरियाणा के पूर्व मंत्री कृष्ण मूर्ति हुड्डा हेल्थ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एचके अग्रवाल से मिले और मेडिकल कॉलेज के हड़ताली कर्मचारियें की पैरवी की। उन्होंने कहा कि इन सबको कौशल रोजगार में लिया जाना चाहिए। डॉ अग्रवाल ने कहा कि कल चण्डीगढ़ में भी इस संदर्भ में उच्च अधिकारियों से बात हुई और इसका निर्णय जल्दी लिया जायेगा। आज की बातचीत से यह स्पष्ट हो गया कि कुलपति का रूख हड़ताली कर्मचारियों के पक्ष में है।

# फ्लैक्स और पोस्टर लगाने वालों के काटे चालान, 3.61 लाख का जुर्माना ठोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम द्वारा हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान-2025 के तहत शहर में सफाई कार्य व सौन्दर्यकरण के कार्य करवाए जा रहे हैं। परंतु देखने में आया हैं कि कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध होर्डिंग्स व फ्लैक्स, पोस्टर आदि लगाकर दीवारों, चौराहों, पुलों व मुख्य मार्गों को गंदा किया जाता है जिससे शहर की छवि पर भी प्रभाव पड़ता है।

नगर निगम शहर में सफाई कार्य एवं सौन्दर्यकरण के कार्य के प्रति काफी गंभीर है। नगर निगम ने दो दिन के अंदर अवैध होर्डिंग्स व फ्लैक्स, पोस्टर आदि लगाने वालो के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए हरियाणा प्रीवेन्शन ऑफ डिफेसमेन्ट आफ प्रोपर्टी एक्ट 1989, विज्ञापन निति के तहत 39 चालान 361000 रूपये के किए गए।



■ आयुक्त डॉ. आनंद शर्मा ने बताया कि निर्धारित समय में जुर्माना नहीं भरने वालों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करवाई जाएगी

आयुक्त डॉ. आनंद शर्मा ने बताया कि निर्धारित समय सीमा के अंदर जुर्माना न भरने वालों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करवाई जाएगी। शुक्रवार दो अवैध रूप से पोस्टर लगाने वालों को कार्यालय में बुलाकर निर्देश दिए गए कि वे स्वयं अपने पोस्टर हटवाने अन्यथा नगर निगम द्वारा उनको हटवाते हुए जुर्माना आपसे वसूला जाए। जिन द्वारा अवैध रूप से लगाए गए पोस्टर हटवाए जा रहे हैं तथा संबंधित के विरूद्ध अवैध रूप से पोस्टर लगाने जुर्माना भी लगाया गया है। वहीं तकनीकी शाखा के साथ बैठक आयोजित कर निर्देश दिए गए कि अपने वर्तमान कार्य के साथ-साथ सफाई कार्य करवाए तथा नगर निगम की ऐन्फोर्समेंट टीमें गंदगी फैलाने वालों व शहर को गंदा करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई करते हुए चालान सुनिश्चित करें।

### शहर आपका है, इसको सुन्दर रखना आपकी जिम्मेदारी : आयुक्त

निगम क्षेत्र में केवल नगर निगम कार्यालय से स्वीकृति उपरांत चिन्हित साईटो पर ही विज्ञापन लगाने की अनुमति है, इसलिए अवैध रूप से होर्डिंग्स व फ्लैक्स पोस्टर आदि न लगाए। यहां यह भी स्पष्ट किया जाता है कि होर्डिंग्स व फ्लैक्स, पोस्टर आदि हटवाने के दौरान लगने वाला हर्जा-खर्चा भी संबंधित से वसूला जाएगा। जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। यह शहर आपका है इसको सुन्दर रखना आपकी भी जिम्मेदारी है।

# सेक्टर-4 एक्सटेंशन समस्या का गढ़ बना, नहीं हो रहा समाधान

## जलभराव, टूटी सड़कों और उगी झाड़ियों से आमजन बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर का सेक्टर-4 एक्सटेंशन इस समय समस्याओं के जाल में उलझा हुआ है। यहां बारिश के बाद निकासी व्यवस्था पूरी तरह ठप हो चुकी है। गलियों, सड़कों और पार्कों में पानी भरा हुआ है, जिससे लोगों का घर से निकलना तक मुश्किल हो गया है। चारों ओर फैली गंदगी और मच्छरों ने स्थानीय निवासियों का जीना दुश्वार कर दिया है। हालात ऐसे हो गए हैं कि लोग प्रशासन को बार-बार शिकायतें कर चुके हैं, लेकिन समस्या का समाधान आज तक नहीं हुआ। आरडब्ल्यूए (रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन) सेक्टर-4 एक्सटेंशन के प्रधान सुखबीर माथुर, एडवोकेट बबीता फोगाट, समाजसेवी तेज सिंह हुड्डा, सुबेदार मेजर सूरत सिंह ने बताया कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने सेक्टर-4 एक्सटेंशन में पाइपलाइन डालने का काम तो शुरू कर दिया था, लेकिन गड्ढों को कच्चा ही छोड़ दिया गया। इन गड्ढों में मिट्टी धंस चुकी है और जगह-जगह सड़कें टूट चुकी हैं। इससे लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। यहां तक कि कई जगह इतने बड़े गड्ढे हो गए हैं कि बच्चों और बुजुर्गों के लिए घर से बाहर निकलना जोखिम भरा हो गया है।







### इलाके के पार्कों में तीन से चार फीट तक पानी भरा

इलाके के पार्कों में तीन से चार फीट तक पानी भरा हुआ है। जिन पार्कों में रोजाना बच्चे खेलते थे और बुजुर्ग टहलते थे, अब वहां घुटनों तक पानी है। लोगों का पार्क में जाना पूरी तरह से बंद हो चुका है। पार्कों में पानी भरने से झाड़ियां और घास तेजी से बढ़ गई हैं। इन झाड़ियों में से सांप और अन्य जानवर निकल रहे हैं, जिससे लोगों की सुरक्षा को लेकर भी खतरा बढ़ गया है। वहीं, रात के समय मच्छरों का प्रकोप इतना बढ़ गया है कि लोग बीमारियों के डर से खौफजदा हैं।

स्थानीय लोगों ने बताया कि सेक्टर की गलियों में जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं। बारिश का पानी इन गड्ढों में भरकर बदबू फैला रहा है। इन गड्ढों को भरने की दिशा में प्रशासन ने अभी तक कोई कदम नहीं उठाया। हालात ऐसे हैं कि लोग गली से गुजरते हुए हर समय गिरने और चोटिल होने के डर में रहते हैं। इतना ही नहीं, गलियों की लाइटें भी महीनों से खराब पड़ी हैं। अंधेरे में लोग घर से बाहर निकलने से डरते हैं। महिलाएं और बच्चे तो शाम के बाद गलियों में निकलना भी असुरक्षित मानते हैं। आरडब्ल्यूए प्रधान सुखबीर माथुर ने बताया कि लोगों ने इन समस्याओं को लेकर कई बार अधिकारियों से शिकायत की है। लिखित रूप से भी अवगत कराया गया, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने कहा कि अगर प्रशासन ने जल्द ही समाधान नहीं किया तो लोगों को मजबूरन धरना-प्रदर्शन करना पड़ेगा।

### बारिश ज्यादा होने से बने जलभराव के हालात

इस तरह की समस्या है तो उसका समाधान भी करवाया जाएगा। हालांकि बारिश ज्यादा होने के कारण जलभराव के हालात ऐसे बने हुए है। इस तरह की समस्या हमारे संज्ञान में है, लेकिन उसका समाधान जल्द ही करवा दिया जाएगा। आमजन को इसके लिए परेशान नहीं होने दिया जाएगा। जल्द ही वहां की सड़के, गड्ढों, व सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करवा दिया जाएगा।

**-जगमाल,** कार्यकारी अभियंता, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण

### लोग निगम और एचएसवीपी की कार्यशैली पर उठा रहे हैं सवाल

स्थानीय लोगों ने नगर निगम और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण दोनों की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं। लोगों का कहना है कि दोनों विभाग जिम्मेदारी एक-दूसरे पर डाल रहे हैं, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान कोई नहीं कर रहा। निवासियों का कहना है कि जिस तरह से यहां विकास कार्य अधूरे छोड़े गए हैं, उससे साफ है कि आमजन की परेशानी किसी को नहीं दिख रही।

**आमजन की अपील:** निवासियों ने प्रशासन से अपील की है कि जल्द से जल्द गड्ढों को भरा जाए, निकासी की व्यवस्था दुरुस्त की जाए और गलियों में लाइटें लगाई जाएं। साथ ही पार्कों में जमा पानी को निकालकर सफाई अभियान चलाया जाए। लोगों ने कहा कि अगर समय रहते कदम न उठाए गए तो यहां बीमारियों का प्रकोप फैल सकता है और हालात और बिगड़ सकते हैं।

### जिंदगी हो रही दुभर

सेक्टर-4 एक्सटेंशन के निवासी बताते हैं कि अव्यवस्थाओं के कारण लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। न तो गली साफ है, न पार्क जाने लायक बचे हैं, न ही पानी निकासी की व्यवस्था है। झाड़ियों और मच्छरों के चलते बीमारियों का खतरा भी मंडरा रहा है। बुजुर्गों का कहना है कि अब तो घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है।



## महाराजा अग्रसेन मंडल ने की मीटिंग, मन की बात कार्यक्रम को सफल बाने को लेकर किया विचार विमर्श

**रोहतक।** महाराजा अग्रसेन मंडल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात को लेकर बैठक हुई। बैठक में सभी शक्ति केंद्र प्रमुख व बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे। जिसकी अध्यक्षता मनीष शर्मा ने की। उन्होंने कहा सरकार की योजनाएं हर स्तर पर पहुंचनी चाहिए। बैठक में मंडल की प्रभारी वीणा सिक्का, पूर्व मंडल अध्यक्ष सतीश रोहिल्ला, मंडल महामंत्री जय भगवान जांगड़ा, रिंकू कपूर, अतुल भारद्वाज, सरोज हुड्डा, मीणा इंदौर, दिलबाग जांगड़ा, राकेश जैन, रवि नागपाल, रविंद्र कौशिक, जितेंद्र रोहिल्ला, कर्मवीर वर्मा, नफे पांचाल ने मिलकर मन की बात कार्यक्रम सफल बनाने का संकल्प लिया।

## एमडीएन. पब्लिक स्कूल ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में लहराया परचम, दसवीं का प्रिंस जूडो में रहा अव्वल



**रोहतक।** एमडीएन पब्लिक स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों ने 23 एवं 24 अगस्त को गुरुकुल, लाढ़ौत रोड, रोहतक में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी अद्भुत प्रतिभा एवं विलक्षण कौशल का परिचय दिया और विद्यालय का गौरव स्वर्णाक्षरों में अंकित कर दिया। विद्यार्थियों ने अपनी लगन, निष्ठा और अनुशासन से प्रतियोगिता के विविध आयामों में ऐसे कीर्तिमान स्थापित किए कि विद्यालय का नाम स्वर्ण एवं रजत पदकों की आभा से आलोकित हो उठा। इसी श्रेणी में कक्षा 10 के प्रतिभाशाली छात्र प्रिंस ने जूडो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर यह सिद्ध किया कि कुशाग्र बुद्धि, धैर्य और सूझबूझ सफलता के मार्ग में विजयध्वज फहराने के लिए अनिवार्य हैं। विद्यालय की प्रबंधक रेनु नरवाल एवं प्रधानाचार्या मीनू टहल्यानी ने इस विजयगाथा पर विद्यार्थियों को हार्दिक आशीष प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

## सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों की शानदार उपलब्धि, अर्पित ने दौड़ जीता स्वर्ण पदक



**रोहतक।** सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने राजीव गांधी स्टेडियम में शुक्रवार आयोजित एसजीएफआई टूर्नामेंट में अद्वितीय प्रदर्शन कर विद्यालय का परचम लहराया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने शानदार सफलता अर्जित की। अर्पित ने अंडर-17 वर्ग की 800 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक ,हिमेश ने 400 मीटर हर्डल रेस में स्वर्ण पदक ,कुणाल ने अंडर-19 डिस्क थ्रो में स्वर्ण पदक हासिल किया। कृष सिंधु ने 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक तथा 100 मीटर दौड़ में रजत पदक,अंडर-19 शॉट पुट में नकुल ने रजत पदक, निशांत ने हंबर थ्रो में रजत पदक जीतकर बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रिंस ने हर्डल रेस में स्वर्ण पदक, प्रतीक श्योराण व दीशेंद्र लांबा ने जिला स्तरीय टेनिस एसजीएफ टूर्नामेंट अंडर-19 में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय व अभिभावकों का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों की लगन और मेहनत में ने यह प्रमाणित कर दिया कि सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थी किसी भी प्रतियोगिता में पीछे नहीं हैं और निरंतर उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधक राजेश सांगवान, प्रधानाचार्या मनीषा सांगवान तथा विद्यालय समन्वयक प्रमिला सांगवान ने विजेता विद्यार्थियों, खेल प्रशिक्षक विकास और उनकी पूरी टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# राजकीय महिला कालेज लाखन माजरा में मेजर ध्यानचंद जयंती पर तीन दिवसीय खेल महोत्सव का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा में "हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद" की जयंती के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ ऑनलाइन माध्यम से किया गया।

यह खेल महोत्सव 29 अगस्त से 31 अगस्त तक महाविद्यालय परिसर में आयोजित होगा। इस दौरान छात्राओं के लिए विभिन्न खेलकूद गतिविधियां आयोजित की जाएंगी जिनमें रस्साकशी, योग, पिठ्ठू, 100 मीटर दौड़, लंबी कूद और कबड्डी प्रमुख हैं। तीन दिनों तक महाविद्यालय परिसर खेलों के उत्साह और ऊर्जा से सराबोर रहेगा।



महाविद्यालय की प्राचार्या इंदू सपरा ने सभी विद्यालयों एवं शिक्षकों से अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग सुनिश्चित करने का आग्रह किया तथा विद्यार्थियों को खेलों के माध्यम से जीवन में अनुशासन और आत्मविश्वास विकसित करने के लिए प्रेरित किया। स्पोर्ट्स कमेटी के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक जोगेंद्र सिंह ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में खेल भावना, टीम वर्क और अनुशासन को प्रोत्साहित करना है।

## रस्साकशी, लंबी कूद और गोला फेंक प्रतियोगिता करवाई

**सांपला।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस के उपलक्ष में शुक्रवार को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्व पुलिस गेम में मेडल जीतने वाले संदीप अहलावत रहे। जबकि बॉक्सिंग के कोच अनिल धनखड़ विकास और राजेश नरवाल विशेष अतिथि रहें। इस प्रतियोगिता में रस्साकशी, लंबी कूद गोला फेंक सहित कई प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। प्राचार्य संदीप ने चरित्र निर्माण और खेलों के महत्वपूर्ण पर प्रकाश डाला। विजेताओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पावेल, मनोज, नरेंद्र खत्री ,शालिनी ,रेखा भारती, सुनीता ,रितु आदि का सहयोग रहा।

**अभियान** | बच्चों और आमजन की भागीदारी से ही बनेगा रोहतक सबसे

# मार्केट एरिया में डस्टबीन रखने व स्कूली बच्चों को स्वच्छता के प्रति किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम अब सफाई अभियान को केवल सरकारी स्तर तक सीमित न रखकर इसे जन-आन्दोलन का रूप देने की दिशा में काम कर रहा है। निगम की टीम न केवल विभिन्न कॉलोनियों और बाज़ारों में सफाई कर रही है, बल्कि लोगों को यह समझाने पर भी जोर दिया जा रहा है कि सफाई केवल निगम का काम नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

निगम की टीमों द्वारा भिन्न-भिन्न स्थानो पर सफाई अभियान एंव स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान चलाए जा रहे है। सफाई कार्य की निरीक्षण कर स्वयं भी निरंतर निगरानी की रही है। नगर निगम द्वारा शुक्रवार को राजेन्द्र कालोनी, राजीव गांधी स्टेडियम, भिवानी रोड आदि स्थानों पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इसके अतिरिक्त नगर निगम की टीम द्वारा स्कूलों बच्चों को स्वच्छता के बारे जागरूक किया जा रहा है। बच्चों को स्वच्छता के कार्य में जोड़ना अति आवश्यक है, यदि बच्चे स्वच्छता के प्रति जागरूक होते हैं तो वे अपने परिवार व अन्य व्यक्तियों को भी जागरूक करते हैं। जिससे वह रोहतक शहर को साफ व सुन्दर बनाने में अहम भूमिका निभायेंगें। नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ व सुन्दर बनाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। आमजन से अपील की जा रही है कि जन भागीदारिता से इस अभियान को जन आन्दोलन में बदलकर अपने शहर को सबसे स्वच्छ व सुन्दर बनाए तथा स्वच्छता को अपनी आदतों में शामिल करें।



### कचरा एकत्रित करने वाले वाहन में ही कचरा डाले

विशेष अधिकारी (स्वच्छता) प्रदीप कौशिक ने बताया कि प्रतिदिन प्रात के समय से ही शहर का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था में और अधिक सुधार के प्रयासरत है। आमजन से इस कार्य में सहयोग लिया जा रहा है। शुक्रवार उन्होंने पुरानी सब्जी मंडी मार्केट के दुकानदारों से मिलकर यह आहवान किया कि वे हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए अपनी दुकानों में कचरे के लिए डस्टबिन रखें और कचरे को खुले में न डाले। नगर निगम के कचरा एकत्रित करने वाले रिक्शा व अन्य वाहन में ही कचरा डाले। सभी अपने घरों, दुकानों व वाणिज्यिक प्रतिष्ठानो कूड़े के लिए डस्टबिन अवश्य रखें। ऐसा करके आप सभी शहर को प्रदेश का सबसे स्वच्छ व सुन्दर शहर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

# हवन के साथ राजकीय कॉलेज में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

गवर्नमेंट कॉलेज महम में शुक्रवार को नए शैक्षणिक सत्र के उपलक्ष्य पर हवन यज्ञ आयोजित किया गया। हाल ही में पदोन्नत हुए प्रिंसिपल रोहित कुमार यज्ञ के मुख्य यजमान बने। जबकि डॉ. जगदेव विद्यालंकार ने मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ सम्पन्न करवाया। इस दौरान डॉ. जगदेव विद्यालंकार ने विद्यार्थियों और कॉलेज स्टाफ को यज्ञ का महत्व बताया। कहा कि यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है। समय समय पर यज्ञ का आयोजन अपने घरों में भी करते रहना चाहिए। यज्ञ के आयोजन से देवता प्रसन्न होते हैं। विद्यार्थियों को बुराइयों से दूर रहने का आह्वान किया। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. सत्यव्रत ने विद्यार्थियों को अनुशासन का पाठ पढ़ाया। कहा कि अनुशासित व्यक्ति जीवन में सफल होता है। इस मौके पर टीएस यादव, रोहित कुमार, सुमेर सिवाच, मनीषा हुड्डा, शिल्पी, दीपक, रितु, भूपेंद्र, सुखबीर व सुरेश अहलावत समेत कई प्राध्यापक व विद्यार्थी मौजूद थे।

## गणेश महोत्सव का तीसरा दिन: सभी तीर्थों का फल परमात्मा और मां-बाप के चरणों में: डॉ. आदित्य बत्रा



**रोहतक।** गणेश चतुर्थी से शुरू हुए गणेश महोत्सव में जहां लोग विघ्नहर्ता का आशीर्वाद लेकर अपने जीवन की कायाकल्प करने में लगे हुए हैं। वहीं कलयुग में सभी तीर्थ का फल परमात्मा और मां-बाप के चरणों में ही मिलता है। यह विचार हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आदित्य बत्रा ने मानसरोवर कॉलोनी रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित गणेश महोत्सव के तीसरे दिन मुख्य अतिथि के तौर पर पधार कर उपस्थित जन समूह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वह पिछले दो वर्ष से कॉलोनी के गणेश महोत्सव में आकर गणपति का आशीर्वाद लेने का सौभाग्य प्राप्त करते हैं और उन्हें खुशी है कि कॉलोनी में एकता और भाईचारा कायम है। जिसकी वजह से इस धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन निर्विघ्न गणपति महाराज के आशीर्वाद से होता है। डॉक्टर बत्रा का कहना है कि गणेश महोत्सव का उन्हें बड़ा बेसब्री से इंतजार होता है और उनका सौभाग्य है कि वह सभी देवी देवताओं में सर्वप्रथम पूजे जाने वाले गणेश के उत्सव में शामिल होते हैं। संगठन के प्रधान धर्मेंद्र गुगनानी ने बताया कि रोजाना प्रात काल और साय काल आरती पूजन के बाद जहां भंडारे का आयोजन किया जाता है। वही, शाम के समय भजन मंडलियों द्वारा भजन संध्या का भी आयोजन किया जाता है।


ON ALL MRP 6% OFF
Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET
UPTO 80% OFF
SUPER DEAL OF THE WEEK
ON SHOPPING OF ₹4999 & ABOVE FREE
*T&C APPLY Only one offer can be claimed per bill.
2 LTR
ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE FREE
*T&C APPLY Only one offer can be claimed per bill.
1 LTR
30 August to 05 Sept.
ROHTAK ELENTA MART
NEAR NEW BUS STAND, ADJ. D2M HOTEL. ROHTAK
NEAR APEX HOSPITAL, MODEL TOWN, ROHTAK.
FRESCA 1LTR FREE BUY 1 GET 3
REAL COCONUT WATER FREE BUY 1 GET 1
PATANJALI ROOHAFZA FREE BUY 1 GET 1
Amul Vadilal UPTO 50%OFF ON MRP
CONTINENTAL COFFEE FREE BUY 1 GET 1
NOVA FLAVOURED MILK AND MASALA CHACH FREE BUY 1 GET 1
Special OFFER
AMUL BUTTER 500GM ₹310 ₹285
SURF EXCEL EASY WASH 7 KG ₹1030 ₹599
COCACOLA / LIMCA / SPRITE / FANTA ₹69
REAL JUICE 1 LTR UPTO 30% OFF
HAMDARD ROOHAFZA MRP ₹180 @ JUST 155
RED BULL MRP ₹125 @ JUST 90
TAJ MEHAL TEA ₹710 1KG JUST @ 549
TATA TEA PREMIUM 1 KG 1KG JUST @ 365
RAJDHANI BESAN 1KG JUST @ 99
PRABHAS GHEE 1 LTR FREE! BUY 1 GET 1 FREE
GM POHA 500 GM BUY 1 GET 1 FREE
BAIL KOLHU 1LTR MRP ₹189 OUR PRICE ₹169
24 MANTRA MUSTARD OIL 1LTR BUY 1 GET 1 FREE
FORTUNE SOYA OIL 870ML OUR PRICE ₹139
AMUL PURE GHEE 1 LTR MRP ₹650 OUR PRICE ₹611
LOOSE SUGAR 5 KG OUR PRICE ₹230
WE ARE SELLING NON POLISH PULSES ONLY
CHANA DAAL 1KG OUR PRICE ₹82
MOONG DHULI 1KG OUR PRICE ₹115
KALA CHANA 1KG OUR PRICE ₹78
MALKA LAL DAAL 1KG OUR PRICE ₹85
BADAM 1KG OUR PRICE ₹790
KISMISH 1KG OUR PRICE ₹539
PATANJALI SALT BUY 1 GET 1 FREE
UNIFIT DATES BUY 1 GET 1 FREE
ARSHIRVAAD ATTA 10KG ₹495 OUR PRICE ₹435
24 MANTRA ATTA 5 KG BUY 1 GET 1 FREE
BREGANO PASTA VERMICELLI BUY 1 GET 1 FREE
INDIA GATE FEAST ROZANA 5 KG ₹550 OUR PRICE ₹428
HALDIRAM'S ALL RANGE 12.5% OFF ON MRP
ORION Choco Pie BUY 1 GET 1 FREE
LAKMÉ 15% OFF ON MRP
mamaearth upto 30% OFF ON MRP
LOTUS 15% OFF ON MRP
4KG Ariel Complete Detergent BUY1 GET 1 FREE
6KG SURF EXCEL MATIC POWDER TOP LOAD 6KG ₹1199
6KG SURF EXCEL MATIC POWDER FRONT LOAD 6KG ₹1249
K'TRIQ FLOOR CLEANER 50% OFF
9 kg TIDE 9KG LAVENDER ₹749
5 LTR TRISHUL PHENYLE 50% OFF
SOFTSENS BABY PRODUCTS UPTO 50% OFF
Whisper ultra pads 50 xl BUY2 GET 1 FREE
ARIEL MATIC TOP & FRONT LOAD 5LTR OUR PRICE ₹650
500 ml PEARS SHOWER GEL BUY1 GET 1 FREE
BUY 1 GET 2 FREE WIPRO SAFE WASH 1LTR
MRP ₹240 VIM FLOOR CLEANER OUR PRICE ₹179
BUY 1 GET 1 PRIL 1.5 LTR FREE
SANI FRESH BUY1 GET 1 FREE
Rohtak Model Town
Contact: +91-9350999480
Address: Elenta Mart, Near Apex Plus Super Speciality Hospital, Model Town, Near Kailash Ashram, Rohtak.
scan to get location
Rohtak, Bus Stand Road
Contact: +91-819999480
Address: Elenta Mart, New Bus Stand Road, Adj - D2M Hotel, Rohtak, Haryana.
scan to get location
Payment Accepted
CASH CARD PAYTM
OPEN 7 DAYS A WEEK | 8AM TO 10PM . PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.
On shopping of ₹2999, customer can avail Sugar Free at ₹1 or Fresca for free.Only one offer can be claimed per bill.
TERMS & CONDITION :
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME
*ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHER BESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS. *All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.
FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart